# सीका बाह्य समिति की बैठक दिनांक 21.11.2022 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 21.11.2022 अपराह्न 3:00 बजे, माननीय कुलपति जी (ऑनलाईन माध्यम से) की अध्यक्षता में सम्पन्न सीका (CIQA) की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण इस कार्यवाही विवरण के साथ संलग्न हैं।

बैठक में दूरस्थ शिक्षा में UGC ODL Regulation 2020 के महत्व व इसके अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई व सर्व सम्मति से निम्न बिन्दुओं पर सहमति व्यक्त की गई ;

1- Presentation of CIQA Report:- निदेशक, सीका द्वारा बैठक में ऑनलाईन माध्यम से जुडे बाह्य सदस्यों को गत वर्षों में सीका द्वारा सम्पन्न की गई गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

2- Assignments :- सत्रीय कार्यों के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में संचालित वर्तमान व्यवस्था का ODL Regulation के अनुपालन में, जिसमें प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक से अधिक सत्रीय कार्यों की बात की गई है, को ध्यान में रखते हुए एक सेमेस्टर में सत्रीय कार्यों की संख्या 02 करने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी है चूँकि छात्रों की संख्या बहुत अधिक है इसलिए ऑनलाईन व्यवस्था को कुछ आवश्यक सुधारों के साथ जारी रखने का निर्णय लिया गया है। Regulation के अनुपालन में ऑफलाईन माध्यम से प्रत्येक पाठ्यकम में लिए न्यूनतम 01 सत्रीय कार्य की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्णय लिया गया । अंको के विभाजन के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया कि 20 अंक Online माध्यम से संचालित सत्रीय कार्य के लिए तथा 10 अंक Offline के माध्यम से संचालित सत्रीय कार्य के लिए सुनिश्चित किए जाऐंगे ।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सत्रीय कार्यों में पूछे जाने वाले प्रश्न Bloom's Texonomy के साथ–साथ CO-PO पर आधारित होगें। ऑफलाईन माध्यम से संचालित सत्रीय कार्यों में Application Oriented प्रश्नो की संख्या अधिकतम होगी तथा इनका मूल्यांकन अध्ययन केन्द्र द्वारा करवाया जाएगा ।

3- MPDD :- बैठक में छात्रों को प्रदान की जाने वाली पाठ्यसामग्री को इलैक्ट्रानिक माध्यम से प्रदान करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि प्रवेश आवेदन पत्र में ही यह विकल्प छात्रों को उपलब्ध करा दिया जाये कि उन्हें सम्बन्धित पाठ्यकम की पाठ्य सामग्री हार्डकॉपी में या इलैक्ट्रानिक कॉपी के रूप में प्रदान की जाए। चर्चा में यह वात भी कही गयी कि इलैक्ट्रानिक माध्यम से पाठ्यसामग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा सकती है तथा हॉर्ड कॉपी चाहने वाले विद्यार्थियों को फीस की पूरी धनराशि देनी होगी।

साथ ही पाठ्यसामग्री को प्रिन्टर के माध्यम से छपवाने में आने वाली कठिनाईयों के विषय में भी विस्तृत चर्चा हुई । महामारी के दौरान ए 4 साइज पेपर के मूल्य बढ जाने के कारण प्रिन्टर कार्य को पूर्ण करने में अपनी असमर्थता दिखला रहे थे उस समस्या का निवारण हेतु बाह्य सदस्यों द्वारा यह बतलाया गया कि उनके अपने संस्थान मे

अलग–अलग इकाईयों की पाठ्य सामग्री के लिए अलग–अलग प्रिन्टरों को Empanel होने के लिए L1 Rate में रखा गया है जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो और समय पर गुणवत्ता युक्त पाठ्य सामग्री विद्यार्थियों को प्राप्त हो सके।

4- Research and Innovation :- विश्वविद्यालय में संचालित शोध कार्यों को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए आन्तरिक व्यवस्था से भी फंड की व्यवस्था किए जान की बात की गई। इस सम्बन्ध में बाह्य सदस्यों द्वारा भी सहमति प्रदान की गयी है और यह भी बताया गया किं उनके वहॉ ऐसे फंड के लिए एक सेल बनायी गयी है जिसमें शोध कार्य करने वाले शोधार्थियों के लिए आन्तरिक व्यवस्था से शोधार्थी को शोध कार्य करने हेतु फंड उपलब्ध करवाने का प्रावधान है । समिति के बाहृय तथा आन्तरिक सद्स्यों द्वारा इस निर्णय पर पूर्ण सहमति प्रदान करते हुए फंड की व्यवस्था को विश्वविद्यालय में लागू करने पर सहमति प्रदान की गयी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न विंभागों द्वारा कराए जाने वाले शोध कार्यों में System व Discipline आधारित शोध कार्यों पर बल दिया जाए तथा Research Promotional Activity को विश्वविद्यालय में कैसे बढाया जाए इसके बारे में भी बाहृय सदस्यों द्वारा सुझाव दिये गये।

5- Improvements in Learner Support Services :- कोविड –19 महामारी के समय में विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को ऑनलाईन माध्यम से सफलता पूर्व पढाई करवायी गयी । आज महामारी में बहुत हद तक नियंत्रण हो चुका है तब भी बहुत सी ऐसी जगहें हैं जहॉ छात्र तो होते हैं लेकिन अध्यापक नहीं होते हैं ऐसे विद्यार्थियों को कैसे छात्र सहायता सेवाऐं उपलब्ध करवायी जाये के सम्बन्ध में सुझाव लिये गये। इस सम्बन्ध में बाहृय विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि उनके यहॉ National Data Base of Counsellors बनाये गये जिसमें इन छात्रों की Online Counselling करवायी जाती है। उनके द्वारा सुझाया गया कि यदि विश्वविद्यालय में एक National Data Base Counsellor Cell बन जाए तो बहुत हद तक इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

बाह्य सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय का उत्साहवर्धन किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा अधिकतर कार्य जिसमें Assignment, Viva Voce, Inducion Programme, Promotional Activities, Online Admission इत्यादि ऑनलाईन माध्यम से पूर्व से ही चलाये जाते रहे हैं।

6- Alumni :- बाह्य सदस्यों द्वारा इसमें यह बतलाया गया कि विश्वविद्यालय इसमें अलग से एक Portal बना सकता हैं । छात्र स्वयं Portal से जुडकर विश्वविद्यालय के विषय में 1–2 मिनट का Video भेज/साझा कर सकते हैं।

साथ ही बाह्य सदस्य द्वारा यह भी वतलाया गया कि प्रत्येक Regional Center के साथ Online Alumni Meet करी जा सकती है।

7. Staff Training and Development Programme for Academic and Non-Academic Staff :- बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा यह बतलाया गया कि अध्यापकों के लिए विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग प्रोग्राम कराये जाते रहे हैं नौन टीचिंग स्टाफ के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम करवाना सम्भव नहीं हो पाता है । इस विषय में बाहृय सदस्यो द्वारा एक Institution Development Plan (IDP) बनाने की बात बतलायी गयी है तथा साथ ही यह भी कहा गया है कि Strategic Plan को भी विश्वविद्यालय में अपनाना होगा। इसमें विभिन्न प्रकार के मुददे होगें जिनको Planning Board से स्वीकृत में स्वीकृत मिल जाने के बाद लागू किया जा सकता है।

Admission and Exam :- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से परीक्षा तथा प्रवेश विभाग के अधिकारियों द्वारा बाहृय समिति सदस्यों के समक्ष अपने–अपने विभाग की गतिविधियों के बारे में बताया गया। उन्होने विश्वविद्यालय में ऑनलाईन माध्यम में पूर्व से संचालित की जानी वाली गतिविधियों की बहुत सराहना की। बाहृय सदस्यो द्वारा यह भी बतलाया गया कि admission के विषय की जानकारी उनके द्वारा Facebook , Tweeter तथा Whatsapp के माध्यम से जन–जन तक पहुँचवाने का प्रयास किया जाता है, किसी भी समाचार पत्र के माध्यम से विज्ञापित नहीं किया जाता है। साथ ही उनके द्वारा API के माध्यम से Form के Auto Verification के विषय में भी बतलाया गया। परीक्षा एंव प्रवेश अनुभाग कों यह भी सुझाव दिए जाए कि वह उनके द्वारा छात्रों को प्रदान किये जाने वाले सभी सटिफिकेटों (Degree/Transcript/Provisional Degree/Marketsheet/Bonafide Certificate/NOC/etc.)को ऑनलाइन माध्यम से छात्रों को उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की जाए।

8- Any Other issues with the permission of the Chairperson :- अध्यक्ष महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित एन0एस0एस0 के बारे में बताया गया साथ ही अध्यक्ष महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में Games की सुविधा को लागू किया जाये के सम्बन्ध में भी सुझाव मांगे गये ।

इस सम्बन्ध में बाह्य सदस्यों द्वारा इस बात को बहुमत से सराहा गया और यह भी बतलाया कि आप एक समीति बनाकर Indoor Game तथा Out Door Games खिलवा सकते हैं। Games विश्वविद्यालय में छात्र तथा स्टाफ अपना सकते हैं। इस हेतु Sports and Cultural Committee की स्थापना कर इन कार्यकमों को भी महत्व प्रदान किया जाए।

निदेशक, सीको 21/11/22